स्वामी दयानन्द जी की २००वीं जयन्ती वर्ष

# आर्य कन्या पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज

## A CONSTITUENT P.G. COLLEGE OF UNIVERSITY OF ALLAHABAD






# प्रवेश निर्देशिका

सत्र : 2024-25

ओ३म्

# आर्य कन्या पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज

आर्य कन्या पी.जी. कॉलेज की यह नियम निर्देशिका छात्राओं को नियमों से पूर्णतः परिचित कराने के लिए है। कॉलेज द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी भी इस निर्देशिका के माध्यम से सरलता से हो सकती है। अतः प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उचित होगा कि वह इस निर्देशिका का अध्ययन कर तदनुसार नियमतः आचरण करें तथा अपने हितों के प्रति सतत जागरूक रहें।

विद्यार्थी कॉलेज के गौरव एव मर्यादाओं के उत्तराधिकारी हैं। कॉलेज आशा करता है कि प्रविष्ट विद्यार्थी मनसा-वाचा-कर्मणा इसकी आदर्श परम्पराओं की सुरक्षा करेंगे, इसकी प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए कृत-संकल्प रहेंगे।

## कॉलेज का परिचय तथा उद्देश्य

**परिकल्पना (Vision) -**

छात्राओं में अन्तर्निहित प्रतिभा को निखार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना।

**उद्देश्य (Mission) -**

छात्राओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास एवं उनमें आत्मविश्वास को विकसित करना।

महर्षि दयानन्द के सपनों का सुप्रतीक आर्य कन्या पी.जी. कॉलेज अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष के अन्तर्गत सन् 1975 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहयुक्त कॉलेज (महाविद्यालय) के रूप में स्थापित हुआ था। 14 जुलाई सन् 2005 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सौजन्य से कॉलेज, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज की श्रेणी प्राप्त कर चुका है। महाविद्यालय के कला संकाय में बी0ए0, एम0ए0, शोध एवं वाणिज्य संकाय में बी0कॉम0 की कक्षाएँ संचालित की जाती है। बी.ए.एलएल.बी. (पंचवर्षीय पाठ्यक्रम) जो बी.सी.आई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है, भी सत्र 2024-25 से प्रारम्भ हो गया है। इस पाठ्यक्रम में 120 सीटों पर प्रवेश होगा। हमारा महाविद्यालय महर्षि दयानन्द की अग्रभूत आर्य शिक्षण संस्थाओं में से एक है। कॉलेज में प्रत्येक धर्म जाति और सम्प्रदाय के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है।

सम्प्रति कॉलेज में 50 सुयोग्य प्रवक्ताओं के निर्देशन में लगभग 3000 छात्राएँ सुचारू रुप से अध्ययनरत हैं। कॉलेज में अध्यापित विभिन्न विषयों में स्वरूचि अनुकूल विषय लेकर छात्रायें शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर नये कीर्तिमान स्थापित करती रही हैं। महाविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कुशलता पूर्ण सहयोग से समग्र कार्य समुचित रुप से सम्पन्न होते हैं। विद्यार्थियों के पुस्तकीय ज्ञान के विकास हेतु विद्यालय में एक विशाल पुस्तकालय एवं वाचनालय सुयोग्य लाइब्रेरियन की देख-रेख में संचालित है जिसमें विविध विषयों से सम्बद्ध पुस्तकें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। वाचनालय में हिन्दी और अंग्रेजी के दैनिक समाचार पत्रों के अतिरिक्त अनेक पाक्षिक, मासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध रहती हैं। विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं शारीरिक विकास के लिए कॉलेज परिसर में विविध क्रीड़ा उपकरण तथा विशाल क्रीडांगन है। विद्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता एवं बौद्धिक क्षमता को परिलक्षित करने वाला परीक्षाफल प्रतिवर्ष उत्तम रहता है। अनेक छात्राएँ बी0ए0 तृतीय वर्ष, बी0काम0 एवं एम0ए0 में प्रथम श्रेणी अर्जित करती हैं। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा 2022 में मूल्यांकन करके 'बी' ग्रेड प्रदान किया गया है।

कॉलेज ने 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय' के शाश्वत उद्घोष को सदैव मुखरित किया है। विश्वास है कि कॉलेज का भविष्य भी उज्ज्वल होगा।

## स्नातक प्रवेश-प्रक्रिया

# प्रवेश के नियम

1. महाविद्यालय में ऑनलाइन / प्रवेश इलाहाबाद वि0वि0 की प्रवेश परीक्षा सी0यू0ई0टी0 (CUET) 2024 के नियमों पर पूर्णतः आधारित होगा।
2. महाविद्यालय की वेबसाइट / दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित मेरिट लिस्ट के आधार पर विद्यार्थियों को निम्नलिखित अभिलेखों के साथ एवं समस्त अभिलेखों की मूल प्रति के साथ ही प्रत्येक की एक-एक स्व-प्रमाणित प्रतिलिपि अभिलेखों के सत्यापन के समय आवश्यक है।
   - (अ) हाईस्कूल (10वीं) अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र तथा प्रमाणपत्र।
   - (ब) इण्टरमीडिएट (12वीं) अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र तथा प्रमाणपत्र।
   - (स) स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (T.C.) की मूलप्रति।
   - (द) प्राईवेट विद्यार्थियों के किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाणपत्र।
   - (य) अधिभारिता दावा (Weightage) का प्रमाणपत्र।
   - (र) विशिष्ट-सुविधा-प्रमाण-पत्र - अनिवासी भारतीय (N.R.I.) तथा पूर्वोत्तर भारत के निवासियों के लिए।
   - (ल) जाति प्रमाण पत्र - अनुसूचित जाति (S.C.) अनुसूचित जनजाति (S.T.) तथा अन्य पिछड़े वर्ग (O.B.C.) के लिए।
   - (व) आर्थिक रूप से पिछड़े श्रेणी के कोटे में प्रवेश हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की मूल और छायाप्रति।
   - (श) आधार कार्ड
3. निर्धारित तिथि पर जो प्रवेशार्थी अपने अभिलेखों को प्रस्तुत नहीं कर पाएँगे उनके प्रकरण पर विचार करना सम्भव नहीं होगा।
4. किसी विसंगति की स्थिति में प्रवेश को रद्द कर दिया जायेगा और काउन्सलिंग शुल्क वापस नहीं की जायेगी।
5. महाविद्यालय में पठन-पाठन पूर्णतया इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्देशों, परिनियमों तथा प्रदत्त सुविधाओं के अधीन रहेगा।
6. पाठ्क्रमों का शुल्क इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के अनुसार देय होगा।

**नोट** - सभी प्रवेशार्थी अपना पता, मोबाइल नं0 तथा ई-मेल इत्यादि ध्यानपूर्वक सही-सही भरें, जिससे सम्पर्क सुनिश्चित हो।

## कला संकाय

### 1. स्नातक प्रवेश -

आर्य कन्या पी0जी0 कॉलेज में स्नातक स्तर पर कला के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में बी0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा (CUET) के आधार पर होता है परन्तु सत्र 2024-25 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने संघटक डिग्री कॉलेजों को Non CUET छात्राओं को भी प्रवेश देने की अनुमति प्रदान कर दी है अथवा जिन छात्राओं ने किसी कारणवश CUET की परीक्षा नहीं दी है वे भी महाविद्यालय में वेबसाइट www.akpgc.in के माध्यम से Online रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात बाद में प्रवेश ले सकते हैं।

### 2. अध्येय विषय :

कॉलेज में निम्नलिखित विषयों में अध्ययन की सुविधा है -

1. हिन्दी साहित्य
2. संस्कृत साहित्य
3. अंग्रेजी साहित्य
4. दर्शन शास्त्र
5. शिक्षा शास्त्र
6. अर्थ शास्त्र
7. प्राचीन इतिहास
8. मध्यकालीन इतिहास
9. राजनीति शास्त्र
10. समाज शास्त्र
11. संगीत (गायन)
12. संगीत (वादन)
13. भूगोल
14. चित्रकला

| Bachelor of Arts | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Head** | | **Revised Fee BA – I** | **Revised Fee BA – II** | **Revised Fee BA – III** |
| **BASIC FEE** | | **5,280** | **4,840** | **4,840** |
| BASIC FEE + MUSIC | (+275) | **5,555** | **5,115** | **5,115** |
| BASIC FEE + SF SUB (GEO/PAI) | (+3960) | **9,240** | **8,800** | **8,800** |
| BASIC FEE + SF SUB (GEO) + MUSIC | (+3960 +275) | **9,515** | **9,075** | **9,075** |
| BASIC FEE + SF SUB (GEO) + SF SUB (PAI) | (+3960 +3960) | **13,200** | **12,760** | **12,760** |

# वाणिज्य संकाय

**बी.कॉम. (स्ववित्त पोषित) -**

बी.कॉम. में विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा (CUET) में सम्मिलित सभी छात्राओं को प्रवेश का समान अवसर उपलब्ध है साथ ही जिन छात्राओं ने किसी कारणवश CUET की परीक्षा नहीं दी है वह भी प्रवेश हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर www.akpg.in के माध्यम से Online रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं जिनका बाद में प्रवेश भी संभव है।

| Bachelor of Commerce | | | |
|---|---|---|---|
| **Head** | **Revised Fee B.Com – I** | **Revised Fee B.Com – II** | **Revised Fee B.Com – III** |
| **BASIC FEE** | **16,000** | **16,000** | **19,000** |

# परास्नातक प्रवेश (स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रम)

## परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के नियम -

1. महाविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परास्नातक प्रवेश परीक्षा–2024 (PGAT-2024) के परीक्षाफल की मेरिट के आधारपरहोगा।
2. प्रवेश में सरकार द्वारा अनुमन्य आरक्षण के नियम लागू होंगे।
3. प्रवेश समिति के अन्तिम निर्णय के बाद अन्तिम रूप दिया जाएगा। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी काउन्सलिंग फार्म के साथ अपने सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति लगाकर स्वप्रमाणित करके महाविद्यालय कार्यालय में जमा करेगा तथा काउन्सलिंग के बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन शुल्क जमा कर शुल्क रसीद प्राप्त करेंगे।
4. अभ्यर्थी प्रवेश शुल्क जमा करने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग में नामांकन हेतु सम्पर्क करें।
5. महाविद्यालय में परास्नातक में सेमेस्टर व्यवस्था (Semester System) लागू है।

## परास्नातक प्रवेश -

इलाहाबाद विश्वविद्यालय परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीएटी) में सम्मिलित छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अर्ह माना जाएगा। परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य प्रवेश फार्म प्राप्त होगा। विद्यार्थी स्पष्ट शब्दों में प्रवेश फार्म भर कर प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित हों। फार्म के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की मूल तथा स्वतः सत्यापित छायाप्रति लाना अनिवार्य है -

1. अंकपत्र हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक
2. प्रमाण पत्र - हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं बी0ए0
3. चरित्र प्रमाण पत्र
4. माइग्रेशन प्रमाण पत्र
5. आय प्रमाण पत्र
6. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र
7. आधार कार्ड
8. फोटो
9. जाति प्रमाण पत्र

## अध्येय विषय एवं शुल्क संरचना

कॉलेज में परास्नातक विषयों में अध्ययन की सुविधा एवं अधोलिखित सीटें विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गयी है -

| S.N. | Subject | Alloted Seats | MA-Ist Year (Per 2 Sem.) Fee (In rupees) | MA-IInd Year (Per 2 Sem.) Fee (In rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ENGLISH | 62 | 10,000/- | 12,000/- |
| 2. | MUSIC VOCAL | 25 | 10,000/- | 12,000/- |
| 3. | POLITICAL SCIENCE | 62 | 10,000/- | 12,000/- |
| 4. | SOCIOLOGY | 62 | 10,000/- | 12,000/- |
| 5. | ANCIENT HISTORY | 62 | 10,000/- | 12,000/- |
| 6. | MEDIEVAL HISTORY | 62 | 10,000/- | 12,000/- |

## शोध प्रवेश -

इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त शोध प्रवेश परीक्षा (CRET) में उत्तीर्ण छात्राओं को शोध में प्रवेश दिया जाता है। उपलब्ध विषय :

1. राजनीति शास्त्र
2. शिक्षा शास्त्र
3. संगीत गायन
4. अंग्रेजी साहित्य
5. हिन्दी साहित्य
6. समाजशास्त्र

**1. परिचय पत्र :**

कॉलेज में प्रवेश के अनन्तर प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष परिचय पत्र पर कुलानुशासक (प्रॉक्टर) के हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है। परिचय पत्र विद्यार्थी कॉलेज परिसर में हर समय अपने पास रखें क्योंकि यह उनके कालेज के प्रमाणिक विद्यार्थी होने का प्रमाण है। परीक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर इसकी आवश्यकता पड़ती है। जाँच किये जाने पर परिचय-पत्र विद्यार्थी के पास न होना दण्डनीय होगा।

मूल परिचय-पत्र खो जाने पर उसकी द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को प्राचार्या के नाम से आवेदन पत्र, अपनी पासपोर्ट आकार की फोटो तथा 50/- रु0 कार्यालय में जमा करना होगा। प्रत्येक सत्र में विद्यार्थियों को परिचय पत्र का नवीनीकरण प्रॉक्टर से करा लेना अनिवार्य है।

**ऐन्टी रैगिंग शपथ-पत्र :** विद्यार्थी को अनिवार्य रुप से एन्टी रैगिंग शपथ पत्र www.antiragging.in पर फार्म भरें एवं अपने प्रवेश फार्म के साथ जमा करें।

**2. उपस्थिति सम्बन्धी नियम :**

1. महाविद्यालय में पठन-पाठन पूर्णतया इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्देशों, परिनियमों तथा प्रदत्त सुविधाओं के अधीन रहेगा।
2. कॉलेज में विद्यार्थी की व्याख्यान कक्षाओं में नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर विद्यार्थी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने से रोक दिया जायेगा।
3. छात्राओं की उपस्थिति कक्षाओं में पंजीकरण की तिथि से गिनी जाएगी। छात्राएँ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद शीघ्रातिशीघ्र कक्षा में नाम लिखवा लें तथा नियमित रूप से अध्ययन हेतु उपस्थित रहें।
4. किसी भी परिस्थिति में प्रवेश शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

**3. परीक्षा सम्बन्धी नियम :**

दिसम्बर/जनवरी माह में आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा अध्ययन की दृष्टि से उपयोगी है। अभिभावक को अपनी पाल्या को इस परीक्षा में अवश्य प्रतिभागिता करानी चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को कॉलेज के सभी उप परीक्षाएँ एवं गृहपरीक्षा देनी होगी। विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं में बैठना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय का परीक्षाफल प्रत्येक वर्ष की परीक्षाओं में प्राप्त अंकों का योग कर निर्धारित किया जाता है और उसी आधार पर परीक्षार्थी की श्रेणी निश्चित की जाती है। विद्यार्थी को प्रत्येक वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अतः विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष सत्र के प्रारम्भ से पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करें ताकि वे उत्तम श्रेणी प्राप्त कर स्नातक तथा परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर सके।

**4. शिकायत निवारण प्रकोष्ठ :**

किसी समस्या के समाधान हेतु केवल विद्यार्थी शिकायत प्रकोष्ठ में समस्या का निदान पा सकेंगे तथा उनके माता-पिता/अभिभावक स्वयं प्राचार्या/अनुशासनाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

**5. कैजुअल विद्यार्थी :**

जो छात्राएं इस कॉलेज से बी0ए0, बी0काम0 प्रथम वर्ष की विगत परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गई हैं और कोई विषय परिवर्तन कर नियमित अध्ययन करना चाहती हैं, वे परीक्षाफल घोषित होने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आदेशानुसार कैजुअल छात्रा के रुप में प्रवेश लेकर अध्ययन कर सकती हैं।

**6. विद्यार्थी कल्याण एवं सुविधाएँ :**

कॉलेज में विद्यार्थियों के हितों में सुविधाओं की देख-रेख के लिए तथा उनकी अध्ययन सम्बन्धी एवं वैयक्तिक समस्याओं को सुलझाने की दृष्टि से निर्देशन एवं परामर्श देने के लिए प्राचार्या एवं प्रवक्ता वर्ग सदा तत्पर रहते हैं। छात्रवृत्तियों, पुस्तकीय सहायता, कॉलेज सम्बन्धी अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु विद्यार्थी इनके साथ सतत सम्पर्क में रहें।

**7. वोकेशनल कोर्स :**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स (C.C.C.) सत्र 2017-18 से प्रारम्भ किया गया है। प्रशिक्षण शुल्क रु0 3000/- है। टाइपिंग हिन्दी/इंग्लिश, मेंहदी, सिलाई-कढ़ाई आदि का व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स भी स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत चलाया जा रहा है।

## 8. पुस्तकालय एवं वाचनालय :

विद्यार्थी लाइब्रेरी कार्ड पर एक बार में केवल एक पुस्तक निर्गत करा सकता है। पुस्तकालयाध्यक्ष को फीस रसीद, हस्ताक्षरित प्रवेश कार्ड एवं परिचय पत्र दिखा कर प्रवेश के एक माह के अन्दर लाइब्रेरी कार्ड प्राप्त करना होगा। पुस्तकें 15 दिन के पश्चात् पुस्तकालय में जमा करना आवश्यक है अन्यथा प्रति पुस्तक पर प्रतिदिन विलम्ब शुल्क देना होगा। स्वचालित लाइब्रेरी के द्वारा विद्यार्थी ई-रिर्सोसेज का उपयोग कर सकता है। पुस्तकालयाध्यक्ष की अनुमति से विद्यार्थी कहीं से भी अपनी आवश्यक पुस्तकों और सामयिकी (Journals) को पढ़ सकते हैं।

विद्यार्थी अपना परिचय पत्र दिखाकर पुस्तकालय में अध्ययन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय परीक्षा से पूर्व पुस्तकें जमा करना अनिवार्य है। प्रत्येक वर्ष पुस्तकालय की नवीन सदस्यता प्राप्त करनी होगा।

कॉलेज के बुक बैंक द्वारा विद्यार्थी को पूरे सत्र के लिए पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराये जाने की भी व्यवस्था है। विद्यार्थी को चाहिए कि वे पुस्तकालय की विविध सुविधाओं से अधिकाधिक लाभ उठायें और स्वाध्याय की आदत डालें। प्रत्येक विद्यार्थी का कर्त्तव्य है कि वह पुस्तकालय की पुस्तकों की सुरक्षा का ध्यान रखे और पुस्तकालय के सभी नियमों का पालन करे।

## 9. स्मार्ट क्लास रूम :

कॉलेज में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था है। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पावर प्वाइन्ट, और अन्य डिजिटल सुविधाओं के साथ पठन-पाठन का कार्य करते हैं।

## 10. रोजगार सम्बन्धी सूचना एवं परामर्श :

विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कॉलेज के द्वारा रोजगार सम्बन्धी सूचना और परामर्श दिये जाने की भी व्यवस्था है। इच्छुक विद्यार्थी इस सम्बन्ध में प्रभारी प्रवक्ताओं से जानकारी प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं।

## 11. दशमोत्तर छात्रवृत्ति :

विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है।

**पदक एवं पुरस्कार** नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा योग्य एवं मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाता है। परीक्षा में उत्तमोत्तम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से प्रोत्साहित किया जाता है।

**फेलोशिप :** महाविद्यालय में नामांकित शोध छात्राओं को जे.आर.एफ. फेलोशिप यू.जी.सी. के द्वारा मिल रही है।

**पारितोषिक :** अन्तर्महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर इन्दिरा जायसवाल निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में नगद पुरस्कार के अन्तर्गत प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागी को रु0 5,000, द्वितीय को रु0 3,000, तृतीय को रु0 2,000 तथा रु0 1,000 के पाँच सांत्वना पुरस्कार दिये जाते हैं।

## 12. बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रिया कलाप :

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज में वर्ष पर्यन्त अनेक शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हे, जिसमें समस्त छात्र/छात्राओं की भागीदारी अनिवार्य है। आर्य कन्या पी.जी. कॉलेज महर्षि दयानन्द के आदर्शों पर स्थापित है। वैदिक धर्म, भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्र प्रेम को विकसित करने तथा विद्यार्थियों को चरित्रवान् एवं निष्ठावान् बनाने के लिए कॉलेज में विद्वानों के नियमित व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं।

## 13. क्रीड़ा और व्यायाम प्रशिक्षण :

विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए तथा उनके उचित व्यायाम और मनोविनोद के लिए कॉलेज में इन्डोर तथा आउटडोर खेलों की व्यवस्था है। कॉलेज की छात्राएं राज्य स्तर एवं विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुई हैं तथा पुरस्कृत हुई हैं। विद्यार्थियों को विद्यालय की इस गौरवशाली परम्परा को निभाने के लिए सभी खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए। प्रतिवर्ष एक निश्चित अवधि में योग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## 14. वार्षिकोत्सव :

कॉलेज में नवम्बर माह में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक समारोह मनाया जाता है। इस अवसर पर बी0ए0, बी0कॉम0 एवं एम0ए0 की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा पाठ्य विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाता है तथा प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है।

मेधावी विद्यार्थी होने के साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों में सक्रिय भाग लेने वाले विद्यार्थी को कॉलेज का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

खेलकूद तथा विभिन्न शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों में उत्तम उपलब्धि तथा अच्छा कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

### 15. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :

कॉलेज में भारत सरकार की राष्ट्रीय सेवा योजना की पाँच इकाइयाँ कार्य कर रही हैं जिनका गठन राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं रचनात्मक कार्यों में विद्यार्थियों के सक्रिय योगदान की दृष्टि से किया गया है। योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगर की मलिन बस्तियों के लोगों में सामाजिक चेतना जागृत करना, क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान, प्रौढ़ शिक्षा, बाल विकास कार्यक्रम, रोजगार, स्वास्थ्य और सफाई, खाद्य एवं पोषण एवं एड्स सम्बन्धी जानकारी तथा वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्रतिभाग करने से बी0एड0 के एडमिशन में एक शिविर का 10 अंक का अधिभार प्राप्त होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आजीवन स्वयंसेविका रहती है।

### 16. राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.) :

महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र प्रेम की भावना को उद्‌बुद्ध करने के लिए एन.सी.सी. की विंग कार्यरत है। जिसके अन्तर्गत 160 कैडेट्स एन.सी.सी. से जुड़ सकती हैं। इसके लिये प्रशिक्षण प्राप्त एन0सी0सी0 ऑफिसर (ए0एन0ओ0) कार्यरत है।

### 17. पत्रिका :

कॉलेज में 'आर्य-गरिमा' नाम से पत्रिका प्रकाशित करने की व्यवस्था की जाती है। पत्रिका प्रकाशन का उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को विभिन्न-विषयों की सम-सामयिक दशा पर चिन्तन और मनन करने की प्रेरणा मिले और उनकी रचनात्मक प्रतिभा विकसित हो। विद्यार्थियों को निरन्तर प्रोत्साहित किया जाता है कि वे उच्च स्तरीय लेखों तथा कविताओं आदि के माध्यम से अपने मौलिक विचारों की अभिव्यक्ति करें।

### 18. पुरा-छात्रा परिषद् :

पुरा छात्रा परिषद् सदस्य के रुप में बी0ए0, बी0काम0 एवं एम0ए0 उत्तीर्ण तथा शोध कार्य पूर्ण करने वाली छात्राओं का पंजीकरण करके कॉलेज गौरवान्वित होता रहा है। प्रत्येक पुरातन विद्यार्थी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह परिषद् का सदस्य बन कर अपने कॉलेज से सम्पर्क बनाये रखे और इसके विकास में सम्भव सहयोग दें।

### 19. शिक्षक-अभिभावक मण्डल :

कॉलेज में शिक्षा के क्षेत्र में नये परामर्श और सुझाव प्राप्त करने की दृष्टि से शिक्षक-अभिभावक मण्डल का गठन किया गया है। समय-समय पर शिक्षक अभिभावक मण्डल की बैठक में विद्यार्थियों और अभिभावकों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाता है।

### 20. गर्ल्स हॉस्टल (मातृ छाया) (अनुबन्धित) :

महाविद्यालय सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराता है। हॉस्टल में सुविधाएँ निम्नांकित हैं -

- महाविद्यालय से लगभग 50 मीटर की दूरी।
- एक कमरे में दो छात्राएँ (समस्त सुविधाओं से युक्त)।
- इनडोर खेलों की व्यवस्था।
- शुद्ध पानी एवं बिजली की व्यवस्था।
- भोजन के लिये टिफिन की व्यवस्था।
- हॉस्टल फीस 4500/- प्रतिमाह (संचालक के पक्ष में)

### 21. मेडिकल केयर सेन्टर :

महाविद्यालय परिसर में योग्य चिकित्सकों द्वारा नियमित रुप से छात्राओं को चिकित्सकीय परामर्श दिया जाता है। छात्राएं अपनी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिए उनसे सम्पर्क कर सकती हैं।

**22. कैन्टीन :**

महाविद्यालय में छात्राओं के जलपान की उत्तम व्यवस्था है।

**23. खुली व्यायामशाला :**

महाविद्यालय परिसर में खुली व्यायामशाला की भी व्यवस्था है।

**24. लिफ्ट :**

सुगमता से आवागमन हेतु प्रथम एवं द्वितीय तल पर महाविद्यालय में दो लिफ्ट की भी सुविधा है।

**25. शैक्षिक भ्रमण :**

प्रतिवर्ष कॉलेज की ओर से शिक्षिकाओं के निर्देशन में शैक्षिक भ्रमण की व्यवस्था है। प्रायः यह भ्रमण नगर के समीपस्थ स्थल को चिह्नित कर आयोजित किये जाते हैं।

**26. वाई.फाई. सुविधा :**

कॉलेज परिसर वाई.फाई. (Wi-Fi) सुविधा से युक्त है।

**27. सी.सी.टी.वी. :**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण परिसर क्लोज सर्किट कैमरों से नियंत्रित है।

**28. शीतल पेयजल :**

कॉलेज प्रांगण में एक्वागार्ड तथा वाटर कूलर लगाकर विद्यार्थियों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था की गयी है।

**29. वार्षिक परीक्षा सम्बन्धी सूचनाएँ :**

1. परीक्षार्थी को परीक्षा के पूर्व पुस्तकालय की पुस्तकें, विद्यालय की अन्य देय सामग्री तथा शुल्क आदि दे देना चाहिए।
2. परीक्षार्थी को अपना रोल नं0 भली भाँति याद कर लेना चाहिए।
3. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आरम्भ होने से लगभग 30 मिनट पूर्व पहुँच जाना चाहिए, परीक्षार्थी अपने साथ परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र अवश्य लेकर आएँ।
4. परीक्षार्थी को वस्तुओं पर, शरीर के अंगों पर या कागज पर लिखकर कोई नकल सामग्री तथा मोबाइल फोन अपने साथ कक्ष के अन्दर नहीं ले जाना चाहिए अन्यथा अनुचित साधन के प्रयोग में उसे कॉलेज या परीक्षा से निष्कासित किया जा सकता है।
5. मार्ग व्यय से अधिक धनराशि भी परीक्षा कक्ष में ले जाना अनुचित है।

**शैक्षिक योजनाएँ :**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अनुमति से बी.एस.सी. की कक्षाएँ अतिशीघ्र आरम्भ होने की योजना है।

**अभिभावकों से :** विद्यार्थियों के माता-पिता तथा अभिभावकों से निवेदन है कि वे अपने पाल्य की शैक्षित प्रगति एवं बहुआयामी विकास के लिए सतत् सचेष्ट रहें और इस दृष्टि से कॉलेज में निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें। अभिभावक कृपया इस ओर विशेष ध्यान दें कि विद्यार्थी बिना प्रयोजन कॉलेज में अनुपस्थित न रहें। वे अपने अध्ययन सम्बन्धी एवं सहशैक्षिक कार्यों को अत्यन्त गम्भीरतापूर्वक लें तथा उन्हें निष्ठा एवं मनोयोग से पूर्ण करें। हमें विश्वास है कि अभिभावकगण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रयास में हमारे साथ पूर्ण सहयोग करेंगे।

प्रत्येक विद्यार्थियों कॉलेज की सुयोग्य इकाई है, एतदर्थ कॉलेज अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

## आवश्यक निर्देश

1. प्रत्येक छात्रा को प्रवेश प्राप्त करने से पूर्व इस निर्देशिका के नियम एवं निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ना, समझना एवं पालन करना अनिवार्य है।
2. छात्रा को महाविद्यालय की वेबसाइट www.akpgc.in पर निर्धारित फीस ऑनलाइन जमा करना होगा। किसी भी प्रकार का शुल्क जमा करने के बाद रसीद प्राप्त करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने एवं विषय में नामांकन न कराये जाने पर छात्रा का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।
3. विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक विषय में छात्रा की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य है। यदि छात्रा चिकित्सीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करती है तब भी 65 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है।
4. छात्राओं का स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाओं में अलग-अलग उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षाफल तीनों वर्ष की परीक्षाओं के प्राप्तांक-योग पर निर्धारित किया जाता है और श्रेणी निश्चित की जाती है। स्नाकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, विधि स्नातक के लिए सभी सेमेस्टर में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः छात्राओं को चाहिए कि प्रति वर्ष पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करें।
5. महाविद्यालय के नियम एवं प्राचार्या के आदेशानुसार कार्य करना प्रत्येक छात्रा का कर्तव्य है। इसके लिए छात्रा को समय-समय पर महाविद्यालय सूचना पट्ट, वेबसाइट/वॉट्सएप/टेलीग्राम ग्रुप देखते रहना चाहिए।
6. माता-पिता और अभिभावकों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्राचार्या, प्रॉक्टर तथा प्रवक्ताओं से सम्पर्क बनाये रखें। उनसे विशेष अनुरोध है कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए छात्रा के साथ स्वयं प्राचार्या से सम्पर्क करें।

# ARYA KANYA DEGREE COLLEGE, PRAYAGRAJ

| S.N. | Name of the Teacher | Designation | Maximum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Prof. Archana Pathak | Principal | Ph.D. |
| | (Department of Ancient History) | | |
| 1 | Dr. Sudha Singh | Associate Professor | D.Phil. |
| 2 | Dr. Jyoti Rani Jaiswal | Assistant Professor | Ph.D., JRF |
| 3 | Dr. Deepshikha Pandey | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| | (Department of Economics) | | |
| 1 | Dr. Amit Pandey | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| 2 | Dr. Daminee Srivastava | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| 3 | Dr. Sonam Gupta | Assistant Professor | D.Phil., JRF |
| | (Department of Education) | | |
| 1 | Dr. Shruti Anand | Assistant Professor | Ph.D., M.Ed., NET |
| 2 | Dr. Amit Kumar | Assistant Professor | Ph.D., M.Ed., JRF |
| 3 | Dr. Radha Rani Singh | Assistant Professor | Ph.D., M.Ed., JRF |
| 4 | Dr. Bharati Devi | Assistant Professor | Ph.D., M.Ed., JRF |
| | (Department of English) | | |
| 1 | Dr. Priyanka Shrivastava | Assistant Professor | Ph.D. |
| 2 | Dr. Shivani Vishwakarma | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| 3 | Mrs. Pooja | Assistant Professor | M.A., NET |
| | (Department of Fine Arts) | | |
| 1 | Dr. Kiran Mishra | Assistant Professor (S.F.) | Ph.D., NET |
| | (Department of Geography) | | |
| 1 | Dr. Sandeep Kumar Yadav | Assistant Professor (S.F.) | D.Phil., JRF |
| | (Department of Hindi) | | |
| 1 | Dr. Mudita Tiwari | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| 2 | Dr. Shashi Kumari | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| | (Department of Medieval History) | | |
| 1 | Dr. Nazneen Farooqi | Assistant Professor | D.Phil., NET |
| 2 | Dr. Archana Singh | Assistant Professor | D.Phil., NET |
| 3 | Dr. Sudha Kumari | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| | (Department of Music) | | |
| 1 | Prof. Ibha Sirothia | Associate Professor-Vocal | D.Phil., NET |
| 2 | Dr. Ranjana Tripathi | Assistant Professor-Vocal | Ph.D., NET |
| 3 | Dr. Chitra Chaurasiya | Assistant Professor-Vocal | Ph.D., JRF |
| 4 | Dr. Amit Kumar Shukla | Assistant Professor-Tabla | Ph.D., NET |
| | (Department of Philosophy) | | |
| 1 | Dr. Hemlata Srivastava | Assistant Professor | D.Phil., NET |
| 2 | Dr. Shyam Kant | Assistant Professor | D.Phil., JRF |
| 3 | Dr. Shikha Kumari | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| | (Department of Political Science) | | |
| 1 | Prof. Nilanjana Jain | Associate Professor | D.Phil., NET |
| 2 | Dr. Anupama Singh | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| 3 | Dr. Awadhesh Kumar | Assistant Professor | D.Phil., JRF |
| | (Department of Sanskrit) | | |
| 1 | Dr. Nisha Khanna | Assistant Professor | Ph.D. JRF |
| 2 | Smt. Sonmati Patel | Assistant Professor | M.Phil., JRF |
| 3 | Dr. Pooja Jaiswal | Assistant Professor | D.Phil., JRF |
| 4 | Dr. Arti Saroj | Assistant Professor | D.Phil., NET |
| | (Department of Sociology) | | |
| 1 | Prof. Anju Srivastava | Associate Professor | M.Phil., Ph.D. |
| 2 | Dr. Smita | Assistant Professor | Ph.D., JRF |
| 3 | Dr. Savya Sanchi | Assistant Professor | Ph.D., JRF |
| 4 | Dr. Ragini | Assistant Professor | Ph.D., NET |
| | (B.Com) | | |
| 1 | Mr. Manan Singhal | Assistant Professor (S.F.) | M.Com, NET |
| 2 | Ms. Sriya Jaiswal | Assistant Professor (S.F.) | M.Com, NET |
| 3 | Ms. Akanksha Mishra | Assistant Professor (S.F.) | M.Com, NET |